# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025




## खबर संक्षेप



### जनपद उपाध्यक्ष ने किया अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का उद्घाटन

**राजपुर।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बूढ़ाबगीचा भवन गुरूवार को अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। शुभारंभ के दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने कहा कि ग्राम वासियों को अब ऑनलाइन कार्य हेतु अब अपने पंचायत भवन में ही अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के माध्यम से सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों को अब कम दूरी तय कर अपने पंचायत में ही राजस्व कार्य हेतु आवेदन, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, आय जाति निवास प्रमाण पत्र के अलावा नगद आरहण, फंड ट्रांसफर बीमा ऑनलाइन, यात्रा टिकट बिजली बिल व अन्य सेवाओं का लाभ पंचायत में ही मिलेगा। इस दौरान सरपंच श्रीमती सुषमा मरावी, उपसरपंच दीपेश गर्ग, पंच व ग्रामीण मौजूद थे।

### पीएम श्री नवापारा के विद्यार्थियों ने विभिन्न स्थलों का किया भ्रमण



**सूरजपुर।** पीएम विद्यालयों के कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण कराया जा रहा है। पीएम श्री नवापारा के विद्यार्थियों को सरगुजा संभाग के विभिन्न शैक्षणिक व वैज्ञानिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। भ्रमण टीम का संचालन प्राचार्य मनोज कुमार झा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दरम्यान छात्रों ने कृषि विज्ञान केंद्र में मुर्गी पालन, एकीकृत सब्जी उत्पादन एवं बागवानी तकनीकों का अवलोकन किया। भ्रमण के अगले चरण मे आकाशवाणी अंबिकापुर का दौरा किया गया जहां छात्रों को स्टूडियो, ऑन एयर प्रसारण की समस्त टेक्निकल चीजों को दिखाया एवं इंजीनियर भगत द्वारा समझाया गया। तत्पश्चात संग्रहालय में उत्खनन से प्राप्त पुरातात्विक शिलोको एवं प्राचीन मूर्तियों का अवलोकन किया गया। अंत में संजय पार्क का दौरा किया गया जहां छात्रों ने विभिन्न प्रजाति के पेड़-पौधे जीव-जंतु, पक्षी आदि की जानकारी प्रत्यक्ष अवलोकन कर प्राप्त की।

### निर्दोष लोगों की हत्या सबसे बड़ा गुनाह : इरफान

**अंबिकापुर।** अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी के अध्यक्ष इरफान सिद्दीकी व कमेटी ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है इसके ही इस घटना में जो मारे गए है उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अंजुमन कमेटी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करती है। अंजुमन कमेटी भारत सरकार से मांग करती है इस कायरता पूर्ण हरकत में शामिल आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाए और ऐसी व्यवस्था करें कि इस तरह की घटना दोबारा ना हो। इस्लाम में इस तरह की वारदात को सबसे बड़ा गुनाह माना जाता है इस्लाम में निर्दोषों की हत्या बहुत बड़ा गुनाह है।

### आतंकवाद के खिलाफ की जाए कड़ी कार्रवाई : परवेज

**अंबिकापुर।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और पर्यटकों की हत्या को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के महासचिव परवेज आलम गांधी ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बर्बर आतंकी हमला हुआ है। देश का हर नागरिक इस कायराना और दिल दहला देने वाली आतंकी घटना के खिलाफ एकजुट हैं। सरकार से मांग है कि आतंकवाद के खिलाफ कड़ी और तत्काल कार्रवाई की जाए। यह हमला पूरी इंसानियत पर हमला है। इसे किसी भी कीमत पर माफ नहीं किया जा सकता। हमले में जान गंवाने वालों को मैं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं, पूरा देश आतंक के खिलाफ है।

### बारात में डीजे के गाना बजाने को लेकर युवकों ने की मारपीट

**बिश्रामपुर।** डीजे में गाना बजाने व बदलने की बात को लेकर विवाद पर बारात में हुए मारपीट मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। लटोरी पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अजय कुमार पैकरा पिता लालचंद पैकरा 23 वर्ष निवासी ग्राम सिरसी चौकी बसदेई द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई है कि गत दिनों 21 अप्रैल को वह ग्राम सिरसी से महिंद्रा पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 सीटी 1623 में डीजे लोडकर ग्राम राजकिशोरनगर बारात के काम से अपने साथियों के साथ गया था। जहां पर रात्रि करीब 12 बजे विवेक राजवाड़े अपने 5 अन्य साथियों के साथ डीजे में गाना बजाने व बदलने की बात को लेकर प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दिए हैं। साथ ही आरोपियों द्वारा पिकअप वाहन का शीशा भी क्षतिग्रस्त कर मोबाइल को भी पटककर तोड़ दिए हैं। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## लुण्ड्रा क्षेत्र में खीरा की बंपर उपज

# टमाटर के बाद किसानों को रूला रही खीरा की फसल, किसानों को नहीं मिल रहा उचित दाम



खेत में लगाए गए खीरे की फसल।



खीरा खाते मवेशी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खेती कर रहे किसान को हमेशा अच्छी उपज की आस होती है जिससे उसे अच्छी आमदनी हो सके। लेकिन कभी कभी अच्छी उपज भी किसानों की चिंता बढ़ा देती है। कुछ इस तरह की स्थित लुण्ड्रा क्षेत्र के किसानों की हो गई है। इस वर्ष क्षेत्र में गर्मी मौसम के खीरा फसल की बंपर उपज हुई है और मंडी में खीरा की आवक अधिक होने से अब किसानों को अपनी फसल की उचित मूल्य मिलना मुश्किल हो गया है। आलम यह है कि किसान महज 2 से 3 रुपए प्रति किलो बेचने को मजबूर है। जबकि कई किसान कम दाम मिलने पर अपनी उपज को मवेशियों को चराना ही मुनासिब समझते है।

**खास बात**

- सही दाम नहीं मिलने से किसान मवेशियों को खिला रहे खीरा

**ग्रामीणों का हुआ मोहभंग**

क्षेत्र किसानों ने बताया कि गर्मी के फसल उत्पादन से अच्छी आए होने लगी है। परंतु पिछले कुछ साल के भीतर ही अन्य किसानों की रूझान खीरा फसल की ओर बढ़ गया है। ऐसे में खेत व बाड़ी में उपज अच्छी होने के बावजूद सब्जी मंडी में दाम उचित नहीं मिलने तथा बाजार में बिक्री कम होने से अब किसान गर्मी की खेती करने को लेकर उनका मोहभंग होने लगा।

**समस्याओं से परेशान किसान**

गर्मी की खेती में अच्छी आए होने पर अमूमन अब जिले के सभी किसान फसल उगाना शुरू कर दिया। परंतु उपज के बिक्री नहीं होने से किसानों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। किसान अपनी उपज को समय पर तोड़ते है तो उन्हें रखने या स्टोरेज की व्यवस्था नहीं है और न ही किसान इतने सक्षम है कि घर में स्टोरेज कर सके। इसके अलावा किसान खेती में फसल उगाने काफी खर्च करता है परंतु उनकी लागत भी नहीं निकल पाती। जबकि अन्य सामग्रियों के दाम आसमान छूने लगे है। डीजल पेट्रोल के दाम हर रोज बढ़ रहे जिसका असर किसानों पर भी पड़ रहा है।

लुण्ड्रा क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में कुछ साल के भीतर ही किसानों द्वारा गर्मी के दिनो में उपज होने वाली खीरा फसल की खेत करना प्रारंभ किया। गर्मी के दिनों खीरा सहित अन्य सब्जी की बिक्री बढ़ जाने पर अन्य किसानों का भी इस ओर रूझान बढ़ गया और वे भी गर्मी में अपने खेत व बाड़ी में खीरा व अन्य सब्जी उपज लेना शुरू कर दिया। ग्राम पंचायत बगदरी के अलावा ग्राम पंचायत उदारी, चलगली सहित आसपास क्षेत्र के अन्य ग्राम पंचायत में भी इस वर्ष किसानों खीरा फसल लगाए है। इस वर्ष फसल भी अच्छी हुई जिससे किसान काफी खुश थे। इधर मंडी में खीरा की आवक अधिक होने से दाम में काफी गिरावट आई। ऐसे में खीरा के दाम थोक में काफी कम हो गई। गत दिन भी लुण्ड्रा क्षेत्र के बदगरी, उतारी सहित अन्य पंचायत के किसान सब्जी मंडी बड़ी मात्रा में खीरा लेकर आए। मंडी में खीरा की आवक अधिक होने से दाम काफी नीचे गिर गया और महज 2 से 3 रूपए प्रति किलों की बोली तक गई। कुछ किसानों ने वाहन भाड़ा निकालने के लिए मजबूरन कौड़ी के भाव अपनी उपज को बेचा लेकिन कुछ किसान पिकअप में लाए अपनी उपज को वापस गांव ले गए। जहां सड़क किनारे की अपनी उपज को फेंक मवेशियों को खिला दिया। किसानों का कहना था कि वैसे भी खीरा से लागत तक नहीं निकल रही थी। ऐसे में इस भीषण गर्मी में मवेशियों को खिलाना ही उचित समझे। किसानों का कहना है कि कुछ माह पूर्व बाजार में टमाटर की आवक अधिक होने से टमाटर के दाम काफी कम हो गए थे। इसी प्रकार की स्थिति अब खीरा फसल को लेकर हो गई है।

# शक्कर कारखाना का निजीकरण सहकारिता आंदोलन पर कुठाराघात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ट्रेड यूनियन काउंसिल, छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने मां महामाया शक्कर कारखाना मर्यादित, केरता के निजीकरण के शासकीय प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार का यह कदम सहकारिता आंदोलन पर कुठाराघात साबित होगा।



- शक्कर कारखाना के निजीकरण को लेकर कांग्रेस नेता ने जताई आपत्ति

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में 28 जनवरी 2025 को सहकारिता विभाग की बैठक में केरता स्थित मां महामाया शक्कर कारखाने का निजीकरण करने अथवा पीपीपी मॉडल से संचालित करने का निर्णय इस आधार पर लिया गया है कि यह कारखाना घाटे में चल रहा है। श्री श्रीवास्तव ने कहा है कि ऐसे में तो प्रदेश की कई सहकारी संस्थाएं घाटे में चल रही है तो क्या सभी का निजीकरण कर दिया जाएगा। उन्होंने कि सहकारिता की ओर कदम लोक कल्याण की भावना से बढ़ाया गया है ताकि निजीकरण के व्यक्तिवाद मुनाफे पर सामुदायिक रोक लगे। केंद की भाजपा सरकार भी सहकारिता को बढ़ावा दे रही है। ऐसे में सहकारी क्षेत्र में स्थापित इस शक्कर कारखाने के निजीकरण की छत्तीसगढ़ सरकार की मंशा सवाल के घेरे में है। उन्होंने कहा कि सहकारिता का मूल मंत्र है कि एक के लिए नहीं सभी के लिए और निजीकरण कहता है कि सभी के लिए नहीं बल्कि सिर्फ एक के लिए, तो छत्तीसगढ़ की सरकार किस व्यक्तिगत हित के लिए सामुदायिक हितों पर कुठाराघात कर रही है। उन्होंने कहा है कि मां महामाया शक्कर कारखाना के घाटे के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ही जिम्मेदार है। सरकार की ओर कारखाने का करोड़ों रुपए का बकाया है, जिसके प्राप्त होने पर कारखाने के नुकसान की क्षतिपूर्ति हो जाएगी। लेकिन बकाया देने के बजाय सरकार घाटे का आधार तैयार कर कारखाने के निजीकरण के प्रयास में है। उन्होंने कहा है कि इस कारखाने में सैकड़ों मजदूर कार्य कर रहे हैं। कारखाने से परोक्ष-अपरोक्ष रूप से गन्ना उत्पादक किसान और मजदूर भी जुड़े हुए हैं। निजीकरण इन सभी के आर्थिक हितों पर प्रहार करेगा। ट्रेड यूनियन काउंसिल की ओर से उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार से अनुरोध किया है कि वो शक्कर कारखाने के निजीकरण के अपने विचार को त्यागे, अन्यथा ट्रेड यूनियन काउंसिल, छत्तीसगढ़ क्षेत्र के मजदूरों और किसान यूनियन की सहभागिता के साथ वृहद आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# ऑनलाइन ठगी से बचाव के लिए एसएसपी ने ली बैंक प्रबंधकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

भय और लालच में आकर लोग बड़ी संख्या में सायबर ठगी का शिकार हो रहे हैं जिससे लोगों को बचाने के लिए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बैंक प्रबंधकों बैठक ली। बैठक में ऑनलाइन ठगी को रोकने के लिए बैंकों के साथ मिलकर काम करने की रणनीति पर चर्चा कर बैंकों को धोखाधड़ी की शिकायतें आसानी से हल करने और नागरिकों को ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में जागरूक करने के लिए कई सुझाव दिए।

- पुलिस अधिकारी, पुलिस कंट्रोल रूम और बैंक अधिकारियों का बनेगा वाट्सएप ग्रुप

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने नगर के सभी बैंक प्रबंधकों की बैठक ली और कहा कि साइबर अपराध के दो पहलू है पहला बैंक और दूसरा मोबाईल सीम प्रोवाईड, दोनों तय प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करें तो फ्राड को काफी हद तक रोका जा सकता है। बैंक में खाता खोलवाने वाले व्यक्ति की पूरी जांच पड़ताल के बाद खाता खोले, बैंक खाता में मोबाईल नंबर बदलने के पूर्व व्यक्ति की पूरी तस्दीक की जाए, संदिग्ध व्यक्ति जो अपना शहर छोड़कर आपके शाखा में खाता खोलवाने आता है तो उससे इसका कारण पूछे और पूर्ण संतुष्टी के उपरांत खाता खोली जाए। उन्होंने बैंक अफसरों से कहा कि ऑनलाइन ठगी के बाद किसी भी तरह की जानकारी मांगी जाती है तो उसे तुरंत उपलब्ध कराएं। इसमें देर होने पर ठग पुलिस की गिरफ्त से दूर हो जाते हैं। साइबर ठगी को रोकने के लिए बैंकों में अलर्ट सिस्टम हमेशा होना चाहिए। बैंक, एटीएम कैश वाहन, एटीएम सुरक्षा कार्ड में तैनात कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से कराए।



उन्होंने बताया कि बैंक की सुरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड रोकने और ऐसी शिकायतों के निराकरण के लिए पुलिस अधिकारियों, पुलिस कंट्रोल रूम व बैंक प्रबंधन का वाट्सएप ग्रुप बनेगा ताकि कार्य में आसानी हो।कोई व्यक्ति ऑनलाइन ठगी का शिकार होता है तो उसे बैंक से उसके खाते और जिस खाते में रकम ट्रांसफर हुई है, इसकी जानकारी समय पर दी जाए। इससे पीड़ितों का सिस्टम पर भरोसा बढ़ेगा। कई बार बैंकों की ओर से जानकारी समय पर नहीं दी जाती है। नतीजा मामला उलझता चला जाता है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी एसएस पैंकरा, थाना प्रभारी विमलेश दुबे, निरीक्षक जावेद मियादांद, साईबर सेल प्रभारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के सोहित गुप्ता, यूको बैंक राजेश पाण्डेय, यूनियन बैंक पुष्पेन्द्र वर्मा, आईडीएफसी बैंक मयंक अग्रवाल, एक्सीस बैंक अजित सोनी, सेन्ट्रल बैंक सोनल एक्का, एसबीआई रायपाल गुप्ता, ग्रामीण बैंक दीपक राज वर्मा, गोविन्द कुमार, एसबीआई कलेक्ट्रेट ब्रांच चांदनी कुमारी, आईसीआईसीआई बैंक पुष्पा राजवाड़े मौजूद रहे।

### सर्वसम्मति से किया गया सरपंच संघ का गठन

**करवां।** जनपद पंचायत सभा कक्ष में गत दिनों नवनिर्वाचित सरपंचों द्वारा एक कार्यक्रम में सर्वसम्मति से निर्विरोध सरपंच संघ का गठन कर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्रधारी सिंह एवं भोला सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सरपंच संघ का निर्विरोध अध्यक्ष रामविलास सिंह उईके, उपाध्यक्ष निरूपा सिंह नेताम, कोषाध्यक्ष मीरा सिंह, सचिव सतवीर सिंह, मीडिया प्रभारी सरपंच प्रतिनिधि आलोक सिंह को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत अंतर्गत सभी सरपंच उपस्थित थे। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा एकजुटता एवं पूरी ईमानदारी साथ दायित्वों का निर्वहन कर क्षेत्र का विकास कार्य करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान ज्ञानचंद सिंह, एनुल हक अंसारी, प्रीति सिंह, देव साय पैकरा सहित सभी सरपंच एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।





# विश्व पृथ्वी दिवस पर संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस पर हमारी शक्ति, हमारा ग्रह विषय पर संगोष्ठी हुई। प्राचार्य डॉ.एसके सिंह ने विश्व पृथ्वी दिवस, संगोष्ठी के उद्देश्यों व महाविद्यालय द्वारा संचालित धरती बचाओं अभियान की जानकारी दी।

मुख्य वक्ता डॉ.रंजना नीलिमा कच्छप ने पृथ्वी दिवस का इतिहास एवं भारत सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किये जा रहे प्रयासों, पर्यावरण के अनुकूल अक्षय ऊर्जा के स्त्रोत व उसे उत्पादन से होने वाले लाभ के बारे में बताया। उन्होंने रिड्यूस, रियूस, रिसायकल के चक्र, प्राकृतिक संसाधनों के दुरूपयोग से होने वाले दूरगामी दुष्परिणामों से अवगत कराया। डॉ.तोगज शुक्ला ने कार्बन उत्सर्जन के दुष्परिणामों एवं संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निर्धारित सतत विकास लक्ष्यों के बारे में बताया। अतिथि व्याख्याता शिवम पटेल ने सौर मंडल में पृथ्वी का महत्व की जानकारी दी तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन अतिथि व्याख्याता आकाश तिवारी ने किया। इस दौरान जगदीश खुसरो, रजनीकांत साहू, क्रीडाधिकारी अशोक एक्का, सुश्री रेणुका दीवान, डॉ.अनुराधा गुप्ता, सुश्री शालिनी कुजूर, देवप्रकाश सूर्यवंशी, अनुराग कश्यप, सेमंत मिश्रा उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

**बलरामपुर।** पहलगाम में आतंकी हमले के द्वारा मारे गए सैलानियों की आत्मा शांति के लिए कांग्रेसियों द्वारा कैंडल मार्च निकालकर सैलानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष केपी सिंहदेव के नेतृत्व में 23 अप्रैल की देर शाम पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए सैलानियों को कैंडल मार्च और मौन जुलूस निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कैंडल मार्च पुराना बस स्टैंड से प्रारंभ होकर के शहीद चौक पर समाप्त हुआ। इस दौरान सामूहिक रूप से मौन धारण कर सैलानियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर आत्म शांति के लिए प्रार्थना की गई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि आतंकियों के ऐसे घिनौना कृत्य को बर्दाश्त नहीं करेगा। आतंकी हमले में शामिल समस्त आतंकियों का तत्काल खात्मा होना चाहिए। इस दौरान अशोक सिंह, नन्हेंलाल गुप्ता, संजीव गुप्ता, हशनाथ हुसैन, कृपा शंकर, विनोद मेहता, जीत गुप्ता, हसीबुल्लाह अंसारी, संजय खाखा, आलोक सिंह, दिनेश चौबे, शोएब सिद्दीकी, शकीरा, आफताब आलम के सहित अन्य मौजूद थे।



### भाजपा ने फूंका आतंकवार का पुतला

**सूरजपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल शहर द्वारा अग्रसेन चौक पर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा कायरतापूर्ण तरीके से निर्दोष पर्यटकों पर अचानक गोलीबारी कर उनकी निर्ममतापूर्वक हत्या कर देने पर उनकी आत्मा की शांति के लिए मोमबत्ती जलाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ ही आतंकवाद का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया। इस दौरान विधायक भूलन सिंह मरावी, भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, पूर्व विधायक रजनी रविशंकर त्रिपाठी, जिला महामंत्री राजेश महलवाला, जनपद अध्यक्ष स्वाति संत सिंह, संदीप अग्रवाल, शशिकांत गर्ग, शशि तिवारी, राजेश्वर तिवारी, राजेश साहू, डॉ. एचएन चतुर्वेदी, शैलेश अग्रवाल, यशवंत सिंह, हिमांशु जैन, प्रदीप सोनी, विकास अग्रवाल, बंटी ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, सूरज शेट्टी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### बजरंग दल एवं हिन्दू संगठन ने मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि

**प्रतापपुर।** कश्मीर के पहलगांव में जिहादी आतंकवादियों द्वारा निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या करने पर बजरंग दल एवं हिन्दू संगठन द्वारा प्रतापपुर बस स्टैंड कॉलेज चौक में मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। साथ ही आतंकवादियों की इस करतूत की घोर निंदा कर आक्रोश व्यक्त कर आतंकवाद के खिलाफ सर्जिकल की स्ट्राइक की मांग की। इस दौरान बजरंग दल के अध्यक्ष सचिन तायल, विक्रम नामदेव, नगर संयोजक सोनू शर्मा, अजय सिंह, अनुराग पटेल, शिवम गोयल, आकाश मित्तल, आशीष पटेल, संदीप रजक, अंकुश गुप्ता, बजरंग गोयल, संतोष रजक, अंकित सिंह, योगेंद्र सिंह, अभिषेक कुशवाहा, पीयूष वर्मा, राजवर्धन सिंह, पीयूष पटेल, दीपक दुबे, करन पासवान, चंदन देवांगन, शशि सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।



# चौपाटी दर्जनों लोगों की आजीविका का बनी सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर के लरंगसाय चौक समीप स्थित चौपाटी आज दर्जनों लोगों के आजीविका का बड़ा सहारा बन रहा है। चौपाटी में ठेला लगाने वाले दर्जनों ठेला व्यवसायियों के जीवन में चौपाटी ने बड़ा बदलाव लाया है। चौपाटी में शाम ढलते ही लोगों की भीड़ लगना शुरू हो जाती है जो रात्रि 9-10 बजे तक लगी रहती है। चौपाटी में ठेला लगाने वाले सभी दुकानदारों की दुकानदारी अच्छी खासी होती है जिससे सभी आर्थिक रूप से सबल हो रहे है।

- शाम ढलते ही पहुंचती है लोगों की भीड़

गौरतलब है कि नगर में ठेले पर चना, मूमफली, चाट, फुल्की बेचने वाले ठेला व्यवसायी जहां जगह पाते सड़क किनारे ठेला लगाकर दुकानदारी कर अपनी जीविका चलाते थे। उनके लिए कोई व्यवस्थित परिसर या जगह नहीं था। लंबे समय से चौपाटी की मांग छोटे ठेला व्यवसायियों द्वारा की जा रही थी। इस बीच तात्कालिक नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल के पहले कार्यकाल के दौरान वर्ष 2017-18 में भारत माता चौक एवं लरंगसाय चौक के मध्य शिशु मंदिर चौराहा समीप स्थल का चयन कर चौपाटी का निर्माण करा कर सभी ठेला व्यापारियों के सहयोग से चौपाटी का शुभारंभ तत्कालीन एसडीएम आईएएस विजय दयाराम के हाथों से कराया गया। इसके बाद वहां धीरे-धीरे ठेला लगना शुरू हुए आज की स्थिति में पूरे चौपाटी में कोई अन्य ठेला लगाने की जगह नहीं बची है जहां अतिरिक्त ठेला लगाया जा सके। शहर के मध्य में स्थित सुव्यवस्थित चौपाटी में ठेला लगाने से ठेला व्यवसायियों की आर्थिक स्थिति काफी सुदृढ़ हुई है वैसे तो यहां चौपाटी में सुबह से ही ठेला लगना शुरू हो जाता है किंतु शाम 4 बजे से भीड़ लगना शुरू हो जाता है जो रात्रि 9- 10 बजे तक बना रहता है। इस दौरान दुकानदारी भी जमकर होती है जिससे छोटे ठेला व्यवसाई गदगद रहते हैं मुश्किल से 4-5 घंटे के दुकानदारी में उन्हें अच्छी आमदनी हो जाती है। ठेला व्यवसाई अनिल केसरी ने बताया कि पहले जहां तहां ठेला लगाने के लिए भटकना पड़ता था जिससे दुकानदारी उम्मीद के मुताबिक नहीं होती थी और काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था। परंतु चौपाटी निर्माण के बाद से यहीं ठेला लगा रहा हूं और दुकानदारी भी अच्छी हो रही है। ग्वालियर के कमलेश कुशवाहा बताते हैं कि बीते 7 वर्षों से यहां ठेला लगा रहा हूं पहले वन वाटिका रोड में ठेला लगाता था परंतु वहाँ दुकानदारी बहुत कम होती थी परंतु जब से यहां ठेला लगा रहा हूं दुकानदारी अच्छी हो रही है। इसी प्रकार अन्य दुकानदारों ने भी अच्छी बिक्री होने की बात कही।



नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बताया कि जन भावनाओं के अनुरूप चौपाटी का निर्माण हुआ है जो खुशी की बात है। चौपाटी बनने के बाद छोटे ठेला व्यवसाई जो इधर-उधर अपनी दुकान लगाते थे वह अब व्यवस्थित होकर एक जगह पर अपनी दुकान लगाते हैं। उन्होंने कहां कि नगर पालिका परिषद छोटे ठेला व्यवसायियों के हितों के संरक्षण के लिए वचनबद्ध है। चौपाटी में सोलर लाइट की व्यवस्था की गई है वहीं शहर में एक अन्य चौपाटी का निर्माण हो इस पर भी विचार किया जा रहा है।

### रोमांचक मुकाबले में सुंदरगंज की टीम ने पेनल्टी शूटआउट से जीत दर्ज की

**प्रतापपुर।** नवयुवक खेल समिति द्वारा आयोजित स्व. राजेंद्र प्रसाद गुप्ता स्मृति फुटबॉल के फाइनल मुकाबला में सुंदरगंज की टीम पेनल्टी शूटआउट में जीत हासिल कर प्रतियोगिता अपने नाम की। फाइनल मुकाबला मुख्य अतिथि शकुंतला सिंह की उपस्थिति में खेला गया। बस स्टैंड समीप स्थित स्थानीय स्टेडियम में नवयुवक खेल समिति द्वारा आयोजित स्व. राजेंद्र प्रसाद गुप्ता स्मृति फुटबॉल के फाइनल मुकाबला सेंधापारा और सुंदरगंज के बीच खेला गया। दोनों ही टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।निर्धारित समय में दोनों टीम बराबरी पर रही इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में पांच-पांच गोल से दोनों टीमें बराबर रहे। इसके बाद 1-0 से सुंदरगंज की टीम पेनल्टी शूटआउट में जीत हासिल की। मुख्य अतिथि शकुंतला सिंह ने विजेता टीम को नगद 31 हजार व शील्ड तथा उपविजेता टीम को 21 हजार व शील्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक शकुंतला सिंह ने कहा कि प्रतापपुर क्षेत्र हमेशा खेल के लिए लोकप्रिय रहा है और खेल प्रतियोगिता होता रहता है जिसमें लोग बढ़-कर कर भाग लेते हैं। ऐसे आयोजन से क्षेत्र के खेल प्रेमियों का आगे बढ़ने का मौका मिलता है। उन्होंने ग्राउंड के सौंदर्यीकरण एवं ग्राउंड में लाइटिंग संबंधित कार्य करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रतापपुर का एकमात्र खेल ग्राउंड स्टेडियम है। इसका संरक्षण भी होना अति आवश्यक है। इस दौरान मोहन पांडे, दीनानाथ गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, मानती योगेंद्र सिंह, अजीत शरण सिंह, राजेश गुप्ता, आनंद शुक्ला, गुलाब मोहन तिवारी, तरुण भौमिक, अरविंद जायसवाल, प्रफुल्ल गुप्ता, जितेंद्र कश्यप, सचिन तायल, अरविंद कश्यप, मनोज जायसवाल, रहीम खान, अक्षय गुप्ता, विनोद श्रेष्ठ, अनिल जायसवाल, नीलम धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सूर्या गुप्ता, सूर्या जायसवाल, विक्रम नामदेव, विजेंद्र कश्यप व अन्य उपस्थित थे।



तापमान
अधिकतम 44 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 विश्व मलेरिया दिवस पर नर्सिंग कॉलेज में कार्यशाला आयोजित



## खबर संक्षेप

### राशन कार्ड से वंचितों को मिला लाभ

**बैकुण्ठपुर।** 24 अप्रैल को चार महिलाओं श्रीमती हेमा बाई, बिंदिया कुमारी, श्रीमती शालिनी राजवाड़े एवं श्रीमती जय लक्ष्मी को उनके राशन कार्ड प्रदान किए गए। इन हितग्राहियों ने सुशासन तिहार के तहत अपनी शिकायतें दर्ज कराई थीं, जिस पर जिला प्रशासन ने तुरंत संज्ञान लेकर कार्रवाई की। परिणाम स्वरूप उन्हें कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों के हाथों राशन कार्ड सौंपा गया।

### युवाओं की खेल सामग्री की मांग हुई पूरी

**बैकुण्ठपुर।** सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिसुनपुर, उमझर व तिलवनदांड़ के युवा खिलाड़ियों द्वारा की गई खेल सामग्री की मांग का त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने सराहनीय पहल की है। 24 अप्रैल को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जिला पंचायत सीईओ आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा एवं उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े द्वारा इन ग्राम पंचायतों के युवाओं को फुटबॉल, वॉलीबॉल व क्रिकेट किट प्रदान की गई।

### पीएम आवास के लिए सर्वे अभियान जारी

**बैकुण्ठपुर।** गुरूवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश के 51 हजार परिवारों को पीएम आवास की 300 करोड़ से अधिक की राशि जारी की है। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप जिले के सभी जरूरतमंद परिवार को पक्का घर मिले इसकी लगातार सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी आवास प्लस प्लस का सर्वे 30 अप्रैल तक चलेगा और इसका दायरा बढ़ाते हुए कुछ अतिरिक्त छूट के प्रावधान भी किए गए हैं। कलेक्टर ने सर्वे में शामिल होकर योजना का लाभ लेने की बात कही और पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि वे भी इसकी जानकारी आमजन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि पंचायती राज लोकतंत्र की जड़ है और ग्राम विकास की रीढ़ है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों, ग्राम सचिन से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपूर्ण मकानों की सूची तैयार कर उनका समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

### महिला कबड्डी प्रीमियर लीग 28 को

**मनेन्द्रगढ़।** अस्मिता सिटी इलेक्ट्रिक महिला प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का आयोजन 28 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से किया जाएगा। यह प्रतियोगिता खेलो इंडिया लघु केन्द्र बंजी में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में केवल 19 वर्ष तक की बालिकाएं ही भाग ले सकेंगी। आयोजन में महिला कबड्डी टीमों को आमंत्रित किया गया है, जिससे उभरती हुई महिला खिलाड़ियों को मंच प्रदान किया जा सके। प्रतियोगिता का आयोजन जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

### लक्ष्यों की पूर्ति के लिए समर्पण भाव से करें कार्य

**बैकुण्ठपुर।** जिले में कुपोषण और कम वजन के नवजात शिशुओं की दर को घटाने के उद्देश्य से कलेक्टर चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य समीक्षा एवं रणनीतिक बैठक का आयोजन किया गया। यूनिसेफ छग से आरइं पोषण विशेषज्ञ डॉ.अपर्णा देशपांडे द्वारा कोरिया जिले के एनआरसी का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने एनआरसी में दर्ज कुपोषित बच्चों की माताओं तथा प्रसूति वार्ड में भर्ती महिलाओं से स्वास्थ्य देखभाल, पोषण, स्तनपान एवं स्वच्छता आदि विषयों पर संवाद किया। सीएमएचओ कार्यालय में आयोजित बैठक में कम वजन के नवजात शिशुओं की दरों में कमी लाने के लिए रणनीतिक चर्चा की गई।

---

आतंकी हमले का करारा जबाव देने की व्यापारियों ने की मांग

# पहलगाम हमले के विरोध में स्वस्फूर्त बंद रहा शहर

शहर की बंद दुकानें...





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिन्दू श्रद्धालुओं पर हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को कोरिया जिले के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान पूर्णतः बंद रखे।

छग चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और कोरिया व्यापारी संघ के आह्वान पर आयोजित बंद प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रभावी रहा। बंद को जिलेभर के व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और आम जनता का समर्थन मिला। किराना, कपड़ा,



इलेक्ट्रॉनिक, मेडिकल स्टोर्स (आपात सेवाओं को छोड़कर) और अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। आमजन ने भी स्वस्फूर्त रूप से इस विरोध को समर्थन देकर आतंकवाद के विरूद्ध एकजुटता दिखाई। चेंबर के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि यह हमला सिर्फ श्रद्धालुओं पर नहीं, बल्कि देश की आत्मा पर हमला है। कोरिया का व्यापारी वर्ग एक स्वर में इसकी निंदा करता है और आतंकवाद के विरूद्ध कठोर कदम की मांग करता है। प्रदेश मंत्री शैलेन्द्र शर्मा ने हमले में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जम्मू-कश्मीर में राष्टपति शासन लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश अब ऐसे हमलों को और सहन नहीं कर सकता। कोरिया व्यापारी संघ के जिलाध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि बंद का उद्देश्य व्यापार ठप करना नहीं, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ मजबूत संदेश देना है। बंद के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

### व्यापारियों ने जताया आक्रोश

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के पहलगाम क्षेत्र में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में छग चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कोरिया एवं कोरिया व्यापारी संघ के संयुक्त आह्वान पर नगर स्वस्फूर्त रूप से पूर्णतः बंद रहा। इस बंद को लेकर व्यापारियों में खासा आक्रोश देखने को मिला। सुबह 12 बजे तक नगर के सभी छोटे-बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठान पूरी तरह बंद रहे। बंद के माध्यम से व्यापारियों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई और सरकार से कठोर कार्रवाई की मांग की।

## मनेन्द्रगढ़ में आतंकी हमले के विरोध में उमड़े लोग



**मनेन्द्रगढ़।** कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस अमानवीय कृत्य के खिलाफ मनेन्द्रगढ़ शहर भी एकजुट नजर आया। गुरूवार को हिंदू सभा एमसीबी जिले के तत्वाधान में गांधी चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और आतंकवाद के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। सभा में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद अब बर्दाश्त के बाहर है और केन्द्र सरकार को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। देशवासियों को भी सजग रहते हुए एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान आतंकवाद और पाकिस्तान के प्रतीकात्मक पुतले का दहन किया गया। उपस्थित लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद हो खत्म, भारत माता की जय जैसे गगनभेदी नारे लगाए। पूरा गांधी चौक देशभक्ति और वीरगति को प्राप्त नागरिकों के प्रति सम्मान के भाव से गूंज उठा। इस विरोध सभा में हिंदू सभा के संयोजक सुदर्शन अग्रवाल, जिलाध्यक्ष रामचरित द्विवेदी, महामंत्री अपूर्व कर, विहिप के रतन केशरवानी, दिनेश्वर मिश्रा, छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जैन संचेती, प्रदेश मंत्री संजीव ताम्रकार, आशीष अग्रवाल, सुरेश श्रीवास्तव, अधिवक्ता आशीष सिंह, विनीत जायसवाल, अधिवक्ता श्याम बिहारी रैकवार, हिमांशु श्रीवास्तव, पार्षद जमील शाह, पूर्व एल्डरमेन अबरार अहमद, कक्के खनुजा, जलील शाह, किशन सिंह, हीरालाल रजक, महिला सभा अध्यक्ष श्रीमती जया कर के साथ गीता पासी, अंजना विश्वकर्मा, उर्मिला राव कलाबाई, अर्चना विश्वकर्मा, अलका विश्वकर्मा, मीनू सिंह, रीना बर्मन, गुलबिया, पूजा पटेल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा ने निकाला कैंडल मार्च, शहीदों को दी श्रद्धांजलि




**मनेन्द्रगढ़।** 25 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए हृदय विदारक आतंकी घटना से पूरे देश में पाकिस्तान और आतंकवाद को लेकर आक्रोश का माहौल है। 24 अप्रैल को भाजपा हसदेव मंडल के द्वारा नगर पंचायत खोंगापानी में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी घटना के विरोध में कैंडल मार्च निकालकर पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। उक्त घटना में आतंकवादियों के द्वारा नागरिकों को मार दिया गया जो पर्यटक के रूप में जम्मू कश्मीर घूमने गए थे, जिसे लेकर भाजपा हसदेव मंडल ने नगर के मुख्य चौक राजीव गांधी चौक से कैंडल मार्च निकाला, मार्च नगर के मेन मार्केट से होते हुए निकाला गया। कैंडल मार्च में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ सैकड़ों की संख्या में नगर के आमजनमानस भी शामिल हुए, सभी लोगों के द्वारा पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए। कार्यक्रम का समापन राजीव गांधी चौक में किया गया। तत्पश्चात हमले में मारे गए लोगों को याद कर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा हसदेव मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता एसडी द्विवेदी ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले से हर भारतीय बहुत दुखी है, कश्मीर को भारत का स्वर्ग कहा जाता है जहां लोग छुट्टियों में घूमने जाते हैं, वहीं पाकिस्तानी आतंकियों के द्वारा छुट्टियां मना रहे 26 निहत्थे और निर्दोष लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पी.मनी, डॉ. हरिलाल सिंह, राकेश सिंह, इरसाद अहमद, गोपाल रावत, मनीष सिंह, भगवान दास, मिक्कू, जितेन्द्र प्रताप, रमेश यादव, दीपक चौहाथा, सुचित सिंह, बब्बन सिंह, मुकेश कोल, रूबी आचार्या, प्यारे लाल, अनिल शर्मा, चंदन सिंह, शेर अली, राकेश बंसल, अलिक सिंह, विमल चौहथा, सतेन्द्र राय सहित आमजन उपस्थित रहे।

## मुस्लिम समाज का प्रदर्शन, आतंकवाद के खिलाफ जमकर की नारेबाजी



**बैकुण्ठपुर।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के बाद बैकुंठपुर में मुस्लिम समाज के लोगों ने काली पट्टी बांधकर जोरदार प्रदर्शन किया। नमाज के बाद मस्जिद से कुमार चौक तक रैली निकालते हुए समाज के लोगों ने आतंकवाद विरोधी नारे लगाए और हमले की कड़ी निंदा की। प्रदर्शनकारियों ने कुमार चौक में एकत्र होकर आक्रोश जताया और आतंकी हमले के दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान समाज के वरिष्ठजन ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता और इसकी जितनी भी निंदा की जाए, कम है। इस दौरान एक ज्ञापन राष्टपति और प्रधानमंत्री के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा गया। इसमें केन्द्र सरकार से आतंक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई। जानकारी के अनुसार कुमार चौक पर मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा नारेबाजी करने के बाद अजूमन इस्लाहुल मुसलेमीन वक्फ कमेटी बैकुंठपुर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन राष्टपति के नाम कलेक्टर कोरिया को ज्ञापन सौंपा , इसमें उल्लेख किया है कि पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए तथा पाकिस्तान के सभी तरह के प्रोडक्ट पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की। वहीं अलरजा केयर फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने भी राष्टपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर यह मांग किया है कि हाल में पहलगाम की घटना की सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के निगरानी में जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

## मुस्लिम समाज ने रैली निकाल जताया विरोध




जनकपुर। पहलगाम में हुए आतंकी हमले से आक्रोशित मुस्लिम समाज ने शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद जनकपुर स्थित जामा मस्जिद से जयस्तम्भ चौक तक रैली निकाल विरोध दर्ज किए। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने हाथ में आतंकवाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लिखे पोस्टर रखे हुए थे, साथ ही पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुदार्बाद, देश के गद्दारों को बख्शा नहीं जाएगा जैसे नारे लगाए और सरकार से मांग किए कि पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों और उनके आकाओं के खिलाफ ठोस कार्रवाई किया जाए। जिन्होंने देश के निर्दोश और निहात्थे, बेकसूर लोगों की जान ली है।

# अप्रैल के अंतिम दिनों में पारा शबाब पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अप्रैल के जाते-जाते गर्मी के तेवर भी चढ़ने लगा है। कोरिया जिले में गुरूवार को तापमान का पारा 45 पहुंच गया था, इसके दूसरे दिन शुक्रवार को तापमान 44 रहा, लेकिन इस दिन झुलसाने वाली धूप का सामना करना पड़ा।

हालत यह रही कि इस दिन दोपहर से गर्म हवाओं के थपेडे चल रहे थे, जो अपरान्ह बाद तक भी बना रहा। झुलसाने वाली धूप के बीच गर्म हवाओं के चलने के कारण लोगों को परेशान होना पड़ा। वर्तमान में जिस तरह से तीखी धूप के साथ गर्म हवाएं चलने लगी है, इसके चलते लोगों को घर के बाहर झुलसाने वाली धूप के साथ गर्म हवाओं के थपेडे सहन करना पड़ रहा है। सूर्य की तपिश सुबह होने के कुछ घंटे बाद से ही चुभने लगते हैं और दोपहर होते-होते को आग की तरह शरीर तपने लगता है, यह हाल देर अपरान्ह तक बने रहता है। इस तरह के हालत में लोगों को दोपहर होने के पूर्व ही अपने घरों में सुरक्षित रहने की मजबूरी हो गई है, जिन लोगों को आवश्यक कार्य से बाहर निकलना पड़ता है, वे सुरक्षा उपाय अपनाकर घर से बाहर जरूरी कार्य के लिए निकल रहे हैं।

तेज धूप के चलते आवश्यक कार्य करने वाले ही घर के बाहर दोपहर के समय निकलते हैं, इसके चलते दोपहर के समय बाजार में लोगों की चहल पहल कम हो जाती है, वहीं सड़कों पर भी लोगों की आवाजाही काफी कम हो जाती है।

### आज से कुछ राहत तापमान में गिरावट


अप्रैल माह में बीते गुरूवार को तापमान 45 डिग्री पहुंच गया, वहीं आज से मौसम के सिस्टम में बदलाव होने से तापमान में कुछ डिग्री गिरावट होगी ,जिससे कि लोगों को तेज गर्मी से कुछ राहत मिलेगी, लेकिन उतनी नहीं क्योंकि अभी जिस तरह से सूर्य की किरणे आग उगल रही है, उसे देखकर कुछ डिग्री तापमान में कमी आने से मामूली राहत मिलने वाली है, जबकि इस दौरान गर्म हवाओं के चलने से गर्मी से लोगों को हलाकान होना ही पड़ेगा।

## सहायता राशि के लिए शासन को भेजा प्रस्ताव

**बैकुण्ठपुर।** सुशासन तिहार के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास कार्यालय को पटना तहसील के ग्राम गिरजापुर निवासी श्रीमती अमृतांजलि द्वारा एक भावनात्मक आवेदन प्राप्त हुआ। पति के असामयिक निधन से व्यथित अमृतांजलि ने अपने 5 वर्षीय पुत्र चंद्रांश राजवाड़े के उज्जवल भविष्य, पालन-पोषण, शिक्षा एवं पोषण के लिए आर्थिक सहायता की मांग की थी। आवेदिका ने प्रतिमाह 4000 रूपए की सहायता राशि प्रदान करते हुए अपने पुत्र को प्रवर्तकता कार्यक्रम से जोड़ने का निवेदन किया। महिला एवं बाल विकास कार्यालय, कोरिया द्वारा अत्यंत तत्परता से दस्तावेजों का सत्यापन एवं सामाजिक जांच प्रतिवेदन तैयार कर जिला प्रवर्तकता एवं पालन-पोषण देखरेख अनुमोदन समिति को प्रस्तुत किया गया।

# निर्माण कार्य में लापरवाही, कलेक्टर सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत



जनपद पंचायत के दूरस्थ ग्राम पंचायत दसेर में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत स्वीकृत अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य विगत एक माह से अधूरा पड़ा है, जिस पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कड़ा रूख अपनाते हुए नाराजगी जाहिर की है।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग व निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तत्काल प्रभाव से कार्य प्रारंभ किया जाए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने स्पष्ट किया कि वर्तमान समय निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त है, क्योंकि आने वाले एक-डेढ़ माह में मानसून की शुरूआत हो जाएगी, जिससे कार्य बाधित हो सकता है। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान मजदूरों और कारीगरों की उपलब्धता भी चुनौती बन सकती है, इसलिए सभी निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जाना चाहिए। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की सतत निगरानी की जाए तथा गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए।

## समस्याओं के समाधान को लेकर स्वास्थ्य मंत्री ने ली संयुक्त बैठक

# डीएवी की 4 कक्षाएं एसईसीएल के पूर्व स्कूल भवन में होंगी स्थानांतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर श्यामली गेस्ट हाउस में आकस्मिक बैठक ली।

इस बैठक में जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट रमन, डीएफओ मनीष कुमार, नगर निगम चिरमिरी के महापौर रामनरेश राय, सभापति संतोष सिंह, आयुक्त आरपी आंचला, तहसीलदार शशि शेखर मिश्रा, निगम इंजीनियर विक्टर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में चिरमिरी क्षेत्र में गर्मी के कारण उत्पन्न पेयजल संकट को लेकर गहन चर्चा हुई। मंत्री ने पीएचई विभाग को निर्देशित किया





निरीक्षण करते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।

कि नगर के अलग-अलग 10 स्थानों पर बोरिंग कर पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। इसके साथ ही डोमनहिल क्षेत्र में जल आपूर्ति के लिए 120 एचपी और 80 एचपी के दो पंपों की आवश्यकता पर भी विचार करने कहा गया। मंत्री ने एक सप्ताह के भीतर ⏭ शेष पेज 4 पर

### 15 करोड़ की कार्ययोजना पर समीक्षा

अमृत जल मिशन-2 के तहत हो रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। नगर उत्थान के लिए स्वीकृत 15 करोड़ रूपए की योजनाओं का ब्यौरा निगम आयुक्त और इंजीनियर द्वारा बैठक में प्रस्तुत किया गया। चिरमिरी जलाशय, मेरो और आमाडांड़ जलाशयों की स्थिति की जानकारी भी एकत्रित करने के निर्देश दिए गए। चिरमिरी के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर सरकार बैठक उपरांत मीडिया से चर्चा करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि चिरमिरी के विकास के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं।

### पर्यटन, रोजगार और संस्कृति पर भी चर्चा

बैठक में नीलम सरोवर पार्क, जंगल सफारी की तर्ज पर वार्ड क्रमांक 1 के पोड़ी साइडिंग के विकास, एडवेंचर पार्क, सिद्धबाबा शिव मंदिर के ऊपरी भाग में 110 फीट ऊंचे तिरंगे की स्थापना, मड हाउस निर्माण, मंगल भवन, चौपाटी, लाइवलीहुड संचालन, नालंदा परिसर के लिए 250 सीट स्वीकृति जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

## राम मंदिर तालाब से लोहे की जाली पार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर में असामाजिक तत्वों के द्वारा सार्वजनिक संपत्तियों को चोरी कर नुकसान पहुंचा रहे हैं।

■ सार्वजनिक संपत्तियों की चोरी कर नुकसान पहुंचा रहे हैं असामाजिक तत्व

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सार्वजनिक संपत्तियों की चोरी की घटनाएं सामने आई है, जहां अज्ञात चोरो के द्वारा चोरी कर नुकसान पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार शहर के बाजारपारा क्षेत्र में स्थित राम मंदिर तालाब में गंदगी न हो, तालाब को सुरक्षित करने के लिए नगर पालिका परिषद के द्वारा तालाब के चारों ओर जाली लगाकर बाडबंदी की गई है। इस पर भी चोरों की नजर पड़ गई है। बीते दिनों राममंदिर तालाब के चारों ओर लगे लोहे की जालीदार बाड़ी को एक हिस्से पर अज्ञात चोरी कर लिया गया। यदि इसी तरह अज्ञात चोरों की नजर रहती है तो धीरे-धीरे राम मंदिर तालाब के चारों ओर घेराव किए गए जालीदार बाडबंदी चोरी चले जाएंगे। इस तरह की घटनाएं शहर के अन्य क्षेत्रों की है, जहां सार्वजनिक संपत्तियों को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया।

## खबर संक्षेप

### कृषि सखियों का प्रशिक्षण



**मनेन्द्रगढ़।** नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के तहत जिले के तीनों विकासखंड़ों में 700 हेक्टेयर में नेचुरल फार्मिंग के लिए गांवों का चयन किया गया है, इसके लिए 50 हेक्टेयर के 14 कलस्टर बनाए गए हैं और प्रत्येक कलस्टर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कार्यरत स्वयं सहायता समूह की दीदियों को कृषि सखी के रूप में चयनित किया गया है। इन कृषि सखियों को योजना के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ये कृषि सखियां चयनित गांवों में योजना के तहत क्रियान्वयन के लिए किसानों के बीच योजना की जानकारी देंगी और उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करेंगी।

### सप्त दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** अनंत श्री विभूषित फलाहारी बाबा श्री जगदीशदास जी, श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर श्री रामप्रिय दास जी (अयोध्या) एवं श्री हनुमान जी महाराज की अपार कृपा से तथा श्री श्री 108 वर्तमान महंत श्री रामेश्वर दास महाराज के पावन सान्निध्य में विजय हनुमान टेकड़ी मंदिर प्रांगण में सप्त दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम महंत प्रेम नारायण दास (झांसी) एवं महामण्डलेश्वर रामप्रिय दास के दिव्य आशीर्वाद से संपन्न होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 28 अप्रैल को प्रातः 8 बजे कलश स्थापना एवं देव पूजन के उपरांत भागवत जी की भव्य कलश यात्रा नगर में निकाली जाएगी, जो कथा स्थल तक पहुंचेगी। कथा प्रतिदिन सायं 4 बजे से होगी। 28 अप्रैल सोमवार को श्रीमद् भागवत महात्म्य, मंगलाचरण, 29 अप्रैल मंगलवार महाभारत प्रसंग, परीक्षित जन्म, सुखदेव आगमन की कथा होगी। 30 अप्रैल बुधवार को कपिल-देवहूति संवाद, सती-ध्रुव चरित्र, नरसिंह अवतार तथा 1 मई गुरूवार गजेन्द्र मोक्ष, वामन अवतार, श्रीराम व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा होगी। 2 मई शुक्रवार नंदोत्सव, बाल लीलाएं, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग व 3 मई शनिवार को रासपंचाध्यायी, रूकमणी विवाह, द्वारिका लीला के उपरांत 4 मई रविवार को सुदामा चरित्र, उद्धव संवाद, परीक्षित मोक्ष, सुखदेव पूजन होगा। तत्पश्चात यज्ञ पूणार्हुति एवं भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

प्रो. क्र.- 282/25
पेशी तिथि - 02/05/25
प्र.क्र. M5C 13/23
न्यायालय- श्रीमान् मुकेश कुमार पात्रे,
अति. जिला न्यायाधीश, चिरमिरी, जिला-
एमसीबी, छ.ग.
व्यवहार अपील क्र-
रविशंकर व अन्य
प्रति, मुख्य महाप्रबंधक व अन्य

ईश्तहार

श्री रविशंकर व गायत्री ने इस न्यायालय में व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01 द्वारा उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 16/2016 रविशंकर व अन्य विरूद्ध मुख्य महाप्रबंधक व अन्य में पारित आदेश दिनॉक 29-09-2023 से क्षुभित होकर अपील प्रस्तुत किया है सर्वसाधारण इस न्यायालय में पेशी तारीख 02-05-2025 को दिन में 11.00 बजे प्रस्तुत अपील का उत्तर देने के लिए हाजिर होने के लिए सूचना दिया जाता है सर्वसाधारण उपरोक्त तारीख में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उप संजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस मामले से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। सर्व साधारण को यह भी निर्देशित किया जाता है कि आप उस दिन अपने प्रतिरक्षा का कथन प्रस्तुत करें ऐसे समस्त दस्तावेज जो आपके कब्जे में शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या अपने प्रतिदावा के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं ऐसे समस्त दस्तावेजों को मय सूची लिखित कथन के साथ प्रस्तुत करें। सर्वसाधारण को यह भी सूचित किया जाता है कि आप उपरोक्त दर्शित तारीख को न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो दावे का निपटारा या सुनवाई सर्वसाधारण की अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनॉक 23/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।
(मुकेश कुमार पात्रे)
अतिरिक्त जिला न्यायाधीश
चिरमिरी, जिला-एमसीबी, छ.ग.

आम लोगों को मलेरिया के प्रति जागरूक करने कार्यक्रम

# विश्व मलेरिया दिवस पर नर्सिंग कॉलेज में कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुण्ठपुर



विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के शिक्षकों, पंचम एवं द्वितीय सेमस्टर के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में बैकुंठपुर स्थित कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कार्यालय सभाकक्ष परिसर में शुक्रवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। दुनियाभर में प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है, यह खास दिन लोगों को मलेरिया के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जाता है।

प्रतिवर्ष सभी देश के नागरिकों को रोगमुक्त बनाने के लिए प्रयासरत है। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मलेरिया दिवस का थीम मलेरिया इन्ड वीथ असः रीइन्वेस्टमेन्ट, रीइमैजिनेशन, रीवाइवल अर्थात मलेरिया हमारे साथ समाप्त होता हैं पुनर्निवेष, पुनर्कल्पना, पुनर्जीवन हैं यह थीम बताती है कि समय के साथ अब मलेरिया के खिलाफ जंग के लिए नई सिरे से प्रतिबद्धता, नवाचार और सहयोग की जरूरत हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तय की गई यह थीम न केवल सरकारों और संगठनों को प्रेरित करता हैं, बल्कि आम जनता को भी इस अभियान का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करता है। मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है, जो संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छरों के काटने से होती है।

बरसात या वातावरण के नमी के कारण मलेरिया के मच्छर पनपने लगते हैं और बीमारी का प्रसार होता है। मलेरिया की गंभीर स्थिति बच्चों के लिए जानलेवा हो सकती है। मलेरिया के कुछ सामान्य लक्षण है। जैसे-बुखार, सिर दर्द, उल्टी आना ठंठ लगना, थकान होना, चक्कर आना और पेट में दर्द होना। आमतौर पर मलेरिया के इलाज में करीब दो सप्ताह तक दवाइयां लेनी होती है। वहीं बीमारी को नजर अंदाज करना जानलेवा हो सकता है। प्रतिवर्ष भारत में मलेरिया के हजारों मामले सामने आते हैं और कई रोगियों की तो मलेरिया से जान चली जाती है। मलेरिया की गंभीरता और इससे बचने के लिए जागरूक करने के विश्व स्तर पर मलेरिया दिवस मनाया जाता है। मलेरिया दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी के मार्गदर्शन में कार्यशाला का आयोजन एवं न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के समस्त शिक्षकों एवं पंचम एवं द्वितीय सेमस्टर के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में किया गया।

### मलेरिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके रमन एवं विकासखंड़ कार्यक्रम प्रबंधक सुलेमान खान के मार्गदर्शन में 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन विकासखंड़ मलेरिया पर्यवेक्षक राय सिंह श्याम द्वारा किया गया, जिन्होंने मलेरिया उन्मूलन की मुख्य थीम (मलेरिया हमारे साथ समाप्त हो जाए - पुनः निवेश करें, पुनः कल्पना करें, पुनः प्रज्वलित करें) के साथ जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत की। बीएमओ द्वारा मलेरिया रोग से बचने के तरीकों की जानकारी दी गई। मलेरिया बुखार, सिर दर्द, ठंड के साथ बुखार आने पर तुरंत खून की जांच कराएं और नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में मलेरिया की जांच और इलाज निःशुल्क

### विश्व मलेरिया दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

बैकुण्ठपुर। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा मलेरिया उन्मूलन के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर से मलेरिया उन्मूलन रथ को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, जिला अस्पताल अधीक्षक-सह-सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से जिले में मलेरिया उन्मूलन के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता फैलाने का कार्य करेगा। इस अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने कहा कि कुशल प्रबंधन और स्वच्छता से मलेरिया पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। बचाव उपचार से बेहतर है। मच्छरदानी का उपयोग, शरीर को ढंकने वाले वस्त्र पहनना और पानी जमा न होने देना जैसी आदतों से मलेरिया रोका जा सकता है। उन्होंने मलेरिया के लक्षणों की जानकारी देते हुए कहा कि बुखार, ठंड, कंपकंपी, उल्टी जैसा लगना, सिर दर्द आदि मलेरिया के प्रमुख संकेत हैं और ऐसे में तुरंत जांच करवाना जरूरी है। उन्होंने मलेरिया से बचाव के लिए सुझाव देते हुए कहा कि पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें, रात्रि में मच्छरदानी का उपयोग करें, कूलर, फूलदान, छत पर बेकार सामान आदि पर पानी जमा न होने दें, सप्ताह में एक बार कूलर व अन्य जल-संग्रहण स्त्रोतों को सुखाएं, जले हुए इंजन ऑयल या कैरोसीन का छिड़काव करें, बुखार आने पर तुरंत जांच करवाएं। कार्यशाला में मलेरिया सर्विलेंस, क्लस्टर विजिट, जन-जागरूकता और चौपालों के माध्यम से प्रचार की रणनीति पर भी चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में डिप्टी एमईआईओ श्रीमती सरोजिनी राय, जिला मलेरिया सलाहकार (एनव्हीबीडीसीपी) रत्नेश शुक्ला, सुश्री पलक कक्कड़, जिला मलेरिया कार्यालय के कर्मचारी और काफी संख्या में नर्सिंग छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# साप्ताहिक बाजार में शौचालय सुविधा नहीं



**कोरिया कॉलरी।** क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 अंतर्गत बाजारपारा में प्रति सोमवार को लगने वाले साप्ताहिक सब्जी बाजार में सुलभ शौचालय की सुविधा नहीं होने से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग खुले में शौच जाने को मजबूर हैं।

जानकारी के अनुसार वर्षों पूर्व बाजारपारा स्थित सब्जी मंडी के पास एक सुलभ शौचालय का निर्माण कराया गया था, लेकिन अब वह जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। शौचालय में पानी की सुविधा नहीं है और दीवारें भी टूट चुकी है। साफ-सफाई के अभाव में उसका उपयोग करना संभव नहीं है। प्रति सोमवार को लगने वाले इस साप्ताहिक बाजार में आसपास के गांवों और दूर-दराज से सब्जी विक्रेता आते हैं। इनमें काफी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी शामिल होते हैं। शौचालय की अनुपलब्धता के कारण इन्हें काफी असुविधा होती है। यह स्थिति न केवल अस्वस्थकर है, बल्कि महिलाओं की गरिमा के भी खिलाफ है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका और वार्ड पार्षद से मांग की है कि बाजारपारा में स्थित पुराने सुलभ शौचालय की शीघ्र मरम्मत कराई जाए और वहां पानी व सफाई की समुचित व्यवस्था की जाए। लोगों का कहना है कि यह कार्य प्राथमिकता से किया जाना चाहिए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# पेयजल समस्या के समाधान के लिए सीधे करें कॉल

**बैकुण्ठपुर।** सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदन के आधार पर नल कनेक्शन उपलब्ध कराना, बिगड़े हैंडपंपों की मरम्मत करना एवं स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। पटना नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक एक निवासी करीब 87 वर्षीय श्री जमादार द्वारा नल जल योजना के अंतर्गत नल कनेक्शन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

इसी प्रकार पटना नगर पंचायत के बाजार पारा निवासियों ने कलेक्टर से अपील किया था कि बाजार में आने लोगों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की जाए, वहीं ग्राम बरपारा के निवासियों ने खराब हैंडपंप के मरम्मत के लिए सुशासन तिहार में आवेदन किया था। इन आवेदनों का परीक्षण पटना नगर पंचायत एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा तत्परता से किया गया एवं गुरूवार को इन सभी समस्याओं का समाधान कर लाभार्थियों व ग्रामीणों को राहत प्रदान की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कोरिया ने भीषण गर्मी में पेयजल समस्या को देखते हुए टोल फ्री नंबर-18002330008 तथा क्लस्टर अनुसार मोबाइल नंबर जारी किया गया है-उपखंड बैकुंठपुर सहायक अभियंता प्रखर बेले 9926165312, उप अभियंता सोनहत भूपेन्द्र सिंह कोर्चे 7748008419, उप अभियंता बैकुंठपुर सुश्री ज्योत्सना लकड़ा 9617476132, अभिषेक कुमार कुशवाहा पटना 9893831825, अमित कुमार टोप्पो कुड़ेली 8889902726, हेमंत कुमार बैकुंठपुर 9174046945, श्रीमती प्रियंका विश्वकर्मा बैकुंठपुर 8889537297, एलपी पटेल कटगोड़ी 9617928918, अंकुश कुमार निर्मलकर सोनहत 9691302981, अजय कुमार रामगढ़ 7828824948 को 30 जून तक पेयजल निवारण के लिए जिम्मेदारी दी गई है।

# गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क का लोकार्पण समारोह आज



**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़ वनमंडल अंतर्गत आमाखेरवा में विकसित गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन 26 अप्रैल शनिवार को शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। वनमंडलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ वनमंडल मनेन्द्रगढ़ मनीष कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि इस लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल होंगे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद कोरबा लोकसभा क्षेत्र श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत एवं विधायक भरतपुर-सोनहत श्रीमती रेणुका सिंह उपस्थित रहेंगी। समारोह की अध्यक्षता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ श्रीमती प्रतिमा यादव करेंगी। धर्मेन्द्र पटवा उपाध्यक्ष एवं स्वप्निल सिन्हा, पार्षद नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की उपस्थिति भी रहेगी। वन मंडल अधिकारी श्री कश्यप ने बताया कि गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क क्षेत्र की भू-वैज्ञानिक विरासत को संरक्षित करने और पर्यटन की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण पहल है, जो जीवाष्म विज्ञान में रूचि रखने वाले पर्यटकों एवं विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेगा।

# पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन समर कैम्प



**मनेन्द्रगढ़।** सरस्वती विकास उच्च माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ द्वारा वर्ष 2025 में 5 दिवसीय ग्रीष्मकालीन समर कैम्प का सफल आयोजन किया गया। इस कैम्प का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारना, उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहन देना तथा उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाना था। इस समर कैम्प में योग, ड्राइंग, पेंटिंग, गायन, नृत्य, क्राफ्ट तथा खेलकूद जैसी विविध गतिविधियां आयोजित की गइं। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ इन सभी कार्यक्रमों में भाग लिया और अपनी छुपी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष पूनम चंद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुशील बोदिया, सुंदर लाल दुग्गड़ समेत सभी सदस्यों ने छात्र -छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। विशेष रूप से विद्यालय के शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी और मार्गदर्शन ने समर कैम्प को और भी प्रभावशाली बना दिया। बच्चों के साथ-साथ शिक्षकगण भी इन गतिविधियों में पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ सम्मिलित हुए, जिससे विद्यार्थियों का मनोबल और आत्मविश्वास और भी बढ़ा।

# क्लब की भूमि से मलबा हटाकर समतलीकरण

**मनेन्द्रगढ़।** शहर की जाम और अव्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था से राहत दिलाने की दिशा में जिला प्रशासन और नगरपालिका ने एक अहम पहल की है। जल प्रदाय गृह के समीप स्थित भूपेन्द्र क्लब की वर्षों से खाली पड़ी भूमि को अब व्यवस्थित रूप से उपयोग में लाया जा रहा है। मंगलवार शाम को इस भूमि से जेसीबी और ट्रैक्टरों की सहायता से मलबा हटाकर समतलीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यायालय ने इस भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए थे, बावजूद इसके विभिन्न प्रशासनिक अड़चनों के चलते कार्रवाई में देरी हो रही थी। कलेक्टर द्वारा भी एसडीएम को निर्देशित किया गया था, लेकिन स्थितियां अनुकूल नहीं होने के कारण कार्रवाई अधर में लटकी रही। अब नगरपालिका द्वारा इस भूमि को उपयोग में लाने की कार्य योजना पर अमल शुरू कर दिया गया है। समतलीकरण के बाद इस स्थान पर शहर के मुख्य चौक-चौराहों और बाजारों में अनाधिकृत रूप से लगे चाट, फल और अन्य ठेला व्यवसायियों को स्थानांतरित किया जाएगा। यह कदम ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के साथ-साथ आम नागरिकों को सड़क जाम की समस्या से निजात दिलाने में सहायक होगा। मुख्य बाजार में ठेले लगने से बार-बार जाम की स्थिति बन जाती है, इससे आमजन को दिन में कई बार परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इसके अलावा बाजार क्षेत्र में पार्किंग की पर्याप्त सुविधा नहीं होने से भी दिक्कतें बढ़ जाती है। नगरपालिका प्रशासन का मानना है कि नए स्थान पर व्यवस्थित रूप से व्यवसायियों को स्थान उपलब्ध कराए जाने से न केवल शहर की सुंदरता में वृद्धि होगी, बल्कि व्यवसायियों को भी स्थायी ठिकाना मिल सकेगा।

# कलेक्टर ने दोपहर को सुनी समस्या रात को पटवारी ने सौंपा दस्तावेज पत्र

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने ग्राम जूनापारा से आए 80 वर्षीय रामचरण रजवार की भूमि संबंधी समस्या को उन्होंने स्वेच्छा से, तत्काल संज्ञान में लिया यह आवेदन सुशासन तिहार के अंतर्गत नहीं, बल्कि सीधे कलेक्टर के पास व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किया गया था। भावुक बुजुर्ग रामचरण ने अपनी बात रखते हुए कहा कि मे अब बिकट परेशान हंव मेडम मोर आवेदन के निराकरण कर दे। रामचरण ने बताया कि उनके बड़े भाई रामबक्स के नाम पर ग्राम जूनापारा के खसरा नंबर 116 और 489 में कुल 0.7400 हेक्टेयर कृषि भूमि दर्ज है। भाई के निधन के बाद इस भूमि में उनका भी हिस्सा है और भाई के अन्य वारिस पत्नी व पुत्रवधू भी इस बात पर सहमत हैं कि उनका नाम सहखातेदार के रूप में राजस्व रिकॉर्ड में जोड़ा जाए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने पूरे धैर्य और मानवीय संवेदना से बात सुनी। उन्होंने मौके पर ही बैकुंठपुर तहसीलदार डॉ. अमृता सिंह को फोन कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए और संबंधित पटवारी व आरआई को भी सक्रिय किया। केवल निर्देश तक ही सीमित न रहकर, उन्होंने यह भरोसा भी दिया कि आज ही समाधान होगा। उसी रात लगभग 9 बजे, पटवारी श्रीमती ज्योति नेताम ग्राम जूनापारा निवासी रामचरण के घर पहुंचकर उन्हें राजस्व दस्तावेज बी वन पत्र सौंपा।

# अवैध खनिज परिवहन पर चार वाहन जब्त



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में निरीक्षण के दौरान चार वाहनों को अवैध खनिज परिवहन करते हुए पकड़ा गया। खनिज अधिकारी और उनकी टीम द्वारा वाहन क्रमांक सीजी 15 ईएफ 0624 (हाईवा) को अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए चालक उचित कुमार मालिक, राजेश्वर यादव, सीजी 15 एसी 5624 (हाईवा) के वाहन चालक मनोज प्रजापति वाहन मालिक, मुनेश्वर यादव, सीजी 15 ईसी 5118 (हाईवा) के वाहन चालक रामरूप वाहन मालिक उमाशंकर व सीजी 15 ईई 8600 (हाईवा) के वाहन चालक शिवपूजन राम, वाहन मालिक मुनेश्वर यादव को अवैध रेत परिवहन कर रहे थे। चारों वाहनों को मौके पर जब्त कर समीपस्थ थाना पटना में अभिरक्षा में रखा गया। खनिज विभाग ने छग गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 और खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 के नियम 21 से 23 (ख) के तहत अर्थदंड की राशि खनिज मद में जमा कराया जाएगा।

## पृष्ठ 3 का शेष

### डीएवी की 4 कक्षाएं ...

समस्या के समाधान के लिए कार्रवाई का अल्टीमेटम दिया। डीएवी स्कूल की कक्षाएं होंगी स्थानांतरित- बरतुंगा स्थित डीएवी स्कूल की प्री-प्राइमरी एवं प्राथमिक कक्षाओं (एलकेजी, यूकेजी, कक्षा 1 एवं 2) को लेकर अभिभावकों की चिंता पर मंत्री श्री जायसवाल ने स्वयं स्कूल का निरीक्षण किया। खदान क्षेत्र के समीप होने के कारण बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया कि आगामी शिक्षा सत्र से इन चारों कक्षाओं को गोदरीपारा स्थित विवेकानंद भवन के समीप एसईसीएल के पूर्व स्कूल भवन में स्थानांतरित किया जाएगा। अन्य कक्षाओं का संचालन पूर्ववत रहेगा और नए भवन निर्माण के बाद सभी कक्षाओं को एक साथ स्थानांतरित किया जाएगा। यह निर्णय पालकों, डीएवी प्रबंधन, एसईसीएल, कलेक्टर, डीएफओ और स्थानीय नागरिकों के संयुक्त विचार-विमर्श के बाद लिया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशिः-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक,
यात्रा दिनांक
04 जून 2025
26 जुलाई 2025
13 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन